खुशखबरी

सेक्टर-10 सिटी में पॉली क्लीनिक का निर्माण कार्य पूरा, जल्द शुरू होगा लोगों का इलाज

बेहतर होगी स्वास्थ्य सुविधा

- क्लीनिक पर खर्च होगी 4 करोड़ 19 लाख रुपए की धनराशि
- स्थीय विधायक के प्रयासों से सेक्टरवासी हैं खुश
- जल्द होगी चिकित्सकों की नियुक्ति

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। सेक्टरवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा शहरी विकास अभिकरण द्वारा सेक्टर-10 सिटी में पॉली क्लीनिक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पॉली क्लीनिक में आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिटी के विधायक विनोद शर्मा के प्रयासों से इस क्लीनिक के निर्माण पर हरियाणा शहरी विकास अभिकरण द्वारा 4 करोड़ 19 लाख रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इस स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के लिए बेड, अलग मरीज कक्ष, डॉक्टर रूम, लेबोरेट्री, एक्सरे, मरीजों के लिए प्रतिक्षालय कक्ष, शौचालय सहित सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। सरकार ने प्रत्येक जिले के सेक्टरों में इस तरह की पॉली क्लीनिक स्थापित करने का प्रावधान दिया है और गुड़गांव व फरीदाबाद के उपरांत अंबाला में इस तरह की पॉली क्लीनिक स्थापित की जा रही है।

डीसी शेखर विद्यार्थी ने कहा कि पॉली क्लीनिक के निर्माण से सेक्टरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीकी स्थल पर ही उपलब्ध हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला में अब तक तीन सामान्य अस्पताल, एक टीबी अस्पताल, चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 101 उप स्वास्थ्य केंद्र कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार दो शहरी परिवार कल्याण केंद्र, तीन ईएसआई डिस्पेंसरियां सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं को नजदीकी स्थान पर प्रसूति सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए 27 डिलीवरी हट व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत सिटी और कैंट में दो आरसीएच सेंटर भी स्थापित किए गए हैं। सेक्टर निवासियों ने पॉली क्लीनिक की स्थापना के लिए विधायक विनोद शर्मा के प्रयासों की सराहना की है और कहा कि अब से पूर्व सेक्टरवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सिविल अस्पताल सिटी अथवा निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था। नजदीकी स्थल पर यह सुविधा उपलब्ध होने से नागरिकों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पॉली क्लीनिक का निर्माण पूरा होने के उपरांत इसमें चिकित्सकों की नियुक्ति व स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी चिकित्सा उपकरण भी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि लोग जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ हासिल कर सकें।

सिटी सेक्टर-10 स्थित हरियाणा शहरी विकास अभिकरण द्वारा स्थापित पॉली क्लीनिक का नवनिर्मित भवन।

निःशुल्क हृदय मस्तिष्क जांच शिविर 25 से

विधायक विनोद शर्मा करेंगे उद्घाटन

अंबाला। अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा 25 व 26 दिसंबर को पंचायत भवन सिटी में निःशुल्क हृदय एवं दिमाग जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन व उनके साथी चिकित्सकों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी। शिविर का उद्घाटन 25 दिसंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिटी के विधायक विनोद शर्मा करेंगे।

हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं सोसायटी की मुख्य संरक्षक शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि शिविर के लिए इच्छुक व्यक्ति 22 से 24 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक पंचायत भवन सिटी में पंजीकरण करा सकते हैं। सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एसडी गौतम ने बताया कि शिविर 25 और 26 दिसंबर को पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। शिविर में हृदय की पूर्ण जांच के साथ-साथ इसीजी, इको, ब्लड शुगर, फेफड़ों की क्षमता सहित खून से संबंधित सभी जांच मुफ्त की जाएंगी और आवश्यक दवाईयां भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2012 को कैंट में भी अंबाला हैल्थ केयर एंड वेल्फेयर सोसायटी चिकित्सा शिविर का आयोजन करेंगी। शिविर में आंखों और दांतों से संबंधित व सामान्य बीमारियों से संबंधित जांच और इलाज की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने जिलावासियों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया। कहा कि हृदय और दिमाग की बीमारियों की समय पर जांच होने से बीमारियों का इलाज प्राथमिक स्तर पर ही संभव है।